**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.07.2025** **15:00 बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गौरवान्वित हुआ है। 23 अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की चर्चा करते हुए उन्होंने इस दिवस को मनाए जाने से जुड़े सुझाव नमो ऐप के ज़रिए साझा करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भरता ज़रूरी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के 11 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और ये मिशन एक जन आंदोलन के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि लोग स्वच्छता को अपना फर्ज़ मान रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने स्वदेशी आंदोलन का भी उल्लेख किया जो 7 अगस्त 1905 को शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन ने स्थानीय उत्पादों और विशेषकर हथकरघा क्षेत्र को नई ऊर्जा दी थी। इसी स्मृति में हर वर्ष 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाता है।

**कैबिनेट बैठक**

प्रदेश मंत्रिमंडल की कल 28 से 31 जुलाई तक लगातार चार बैठकें होंगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इन बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। मंत्रिमंडल बैठकों में मंडी और अन्य क्षेत्रों में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए विशेष आपदा राहत पैकेज पर निर्णय होगा। इसके अलावा लंबित करूणामूलक नौकरियों पर निर्णय भी मंत्रिमंडल में लिया जा सकता है। इन बैठकों में प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र की तिथियां तय करने पर भी चर्चा होगी।

**मिंजर**

चंबा का अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज से शुरू हो गया है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ध्वजारोहण कर इस मेले का शुभारम्भ किया। मिंजर मेले के शुभारम्भ पर चम्बा शहर में एक शोभा यात्रा निकाली गई। राज्यपाल ने ऐतिहासिक चौगान मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासात्मक प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया। तीन अगस्त को मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू मिंजर मेले का विधिवत समापन करेंगे।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बहुचर्चित विमल नेगी मौत मामले में सी.बी.आई. जांच पर सवाल उठाए हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इतना समय बीत जाने के

बाद भी सी.बी.आई. अब तक विमल नेगी की मौत के रहस्य से पर्दा नहीं उठा पाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस पूरे मामले में जमकर राजनीति की है।

**स्थापना दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के स्थापना दिवस पर सी.आर.पी.एफ. से जुड़े कर्मियों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सी.आर.पी.एफ. ने आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सी.आर.पी.एफ. के सुरक्षाकर्मी कठिन परिस्थिति में कर्तव्य पालन, साहस और समर्पण के लिए जाने जाते हैं।

**मंजूरी**

केन्द्र सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना के दूसरे चरण में ऊना ज़िले के चिंतपूर्णी देवी मंदिर के विकास कार्यों के लिए 56 करोड़ 26 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोकसभा में सांसद राजीव भारद्वाज के एक सवाल के जवाब में ये जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि काज़ा में पर्यटन ढांचा विकसित करने के लिए 24 करोड़ 82 लाख जबकि रकछम–छितकुल के लिए 4 करोड़ 96 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

....................................................